द जोया फैक्टर का ट्रेलर रिलीज़, क्रिकेट की लकी चार्म बनीं सोनम कपूर

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

सोनम कपूर और दलकीर सलमान की फिल्म द जोया फैक्टर का ट्रेलर आज रिलीज़ हो चुका है, जिसका फैन्स को बड़ी ही बेसब्री से इंतज़ार था। फिल्म में सोनम कपूर का किरदार काफी एंटरटेनिंग है। द जोया फैक्टर का ट्रेलर कॉमिडी से भरपूर है। ट्रेलर की शुरुआत कपिल देव के सीन से होती है जब इंडिया को वर्ल्ड कप चैंपियन का खिताब हासिल हुआ था और इसी के साथ शुरू होती है सोनम कपूर के जन्म लेने की कहानी। फिल्म में संजय कपूर सोनम के पिता की भूमिका में हैं और इंडिया को वर्ल्ड कप मिलने के साथ ही सोनम यानी जोया का जन्म होता है और बैकग्राउंड में यही बात सुनाई दे रही कि इस जीत का असली क्रेडिट क्रिकेट टीम को नहीं बल्कि इस नन्ही बच्ची जोया को जाता है, जिसके पैदा होते ही इंडिया वर्ल्ड कप जीत गया। इसी के साथ यह डायलॉग सुनाई पड़ता है कि इस लड़की का लक इसे दुनिया में फेमस बनाएगा। वह बड़ी होती है, लेकिन हर जगह लक उसे धोखा देता है। हालांकि, आई हेट क्रिकेट कहने वाली जोया देखते ही देखते क्रिकेट के लिए ऐसी लकी चार्म बन जाती है कि क्रिकेट प्रेमी उसे मैच से पहले पूजने लग जाते हैं। दलकीर सलमान के साथ सोनम के कुछ रोमांटिक सीन भी हैं। बता दें कि हाल ही में फिल्म का मोशन पोस्टर जारी हुआ था, जिसमें सोनम देवी के अवतार में नजर आ रही थीं। इस पोस्टर में सोनम के एक हाथ में हेल्मेट और दूसरे में बैट नजर आ रहा था। सोनम ने इसे शेयर करते हुए लिखा, नींबू मिर्ची की किसे जरूरत है जब आपके पास जोया सोलंकी हो। पूरा खेल बदलने के लिए यहां इंडिया का लकी चार्म है। बता दें कि द जोया फैक्टर इसी नाम से लिखे गए अनुजा चौहान के नॉवल पर आधारित है। इसकी कहानी एक लड़की की है जिसे इंडियन क्रिकेट टीम के लिए लकी माना जाता है। अभिषेक शर्मा के डायरेक्शन में बनी इस फिल्म में दलकीर सलमान लीड रोल में दिखाई देंगे। यह फिल्म 2० सितंबर 2०19 को रिलीज होगी।

मुंबई सागा में तीन अवतारों में नजर अएगी काजल अग्रवाल

आखिरकार ऐक्टर जॉन अब्राहम को अपनी अगली फिल्म के लिए लीड हिरोइन मिल ही गई। हम बात कर रहे हैं संजय गुप्ता की आने वाली फिल्म मुंबई सागा की, जिसमें जॉन लीड रोल में हैं। काफी वक्त से जॉन के ऑपोजिट एक हिरोइन की तलाश चल रही थी। यह तलाश अब ऐक्ट्रेस काजल अग्रवाल के रूप में जाकर पूरी हुई है। काजल अजय देवगन के साथ फिल्म सिंघम में काम कर चुकी हैं और उसमें उन्हें काफी पसंद किया गया था।

संजय गुप्ता ने कन्फर्म किया कि उन्होंने अपनी फिल्म के लिए काजल को साइन कर लिया है। उन्होंने कहा, मेरी गैंग्स्टर फिल्मों की सबसे बड़ी खासियत यह है कि उनमें फीमेल किरदार भी काफी मजबूत होते हैं। कैरेक्टर शुरुआत मे जॉन की गर्लफ्रेंड का है, जो बाद में उसकी वाइफ बन जाती है। इसलिए मुझे एक ऐसी ऐक्ट्रेस की तलाश थी जो 17 साल की कॉलेज जाने वाली लड़की का रोल निभा सके, एक वाइफ का रोल भी प्ले कर सके और फिर 3० साल की उम्र में एक मजबूत महिला का किरदार बखूबी निभा सके। मुझे काजल का काम काफी पसंद है। वह बेहद खूबसूरत हैं और स्क्रीन पर भी अच्छी लगती हैं। मुझे खुशी है कि इस फिल्म में हम साथ काम कर रहे हैं। संजय गुप्ता के इस स्टेटमेंट से जाहिर है कि फिल्म में काजल तीन अलग लुक्स में नजर आएंगी। यह पहली बार है जब जॉन अब्राहम और काजल अग्रवाल किसी फिल्म में साथ काम करेंगे। फैन्स भी इस जोड़ी को लेकर काफी एक्साइटेड होंगे। बता दें कि मुंबई सागा 198०-9० के दशक की है, जब बॉम्बे मुंबई में बदल रहा था। इस फिल्म में जॉन और काजल के अलावा इमरान हाशमी, जैकी श्रॉफ, सुनील शेट्टी, प्रतीक बब्बर, गुलशन ग्रोवर, रोहित रॉय और अमोल गुप्ते भी अहम किरदारों में नजर आएंगे।

अपनी इस फिल्म के बारे में बात करते हुए संजय गुप्ता ने एक बार कहा था कि मुंबई सागा उनकी अब तक की सबसे महत्वाकांक्षी फिल्मों में से एक है और इसे लेकर वह खासे उत्साहित हैं।

जिराफ ने रिया सेन को किया फ्रेंच किस

ऐक्ट्रेस रिया सेन याद हैं? वही रिया सेन जो सिलसिले में ऐक्टर अश्मित पटेल के साथ किए किसेज को लेकर चर्चा में आईं। रिया सेन ने कई हिंदी फिल्मों में काम किया, लेकिन कोई खास पहचान नहीं मिल पाई। हालांकि वह अपनी एक बोल्ड छवि बनाने में कामयाब रहीं। खैर, आज रिया सेन की बात इसलिए हो रही है क्योंकि उनका एक विडियो सोशल मीडिया पर छा गया है। इस विडियो में वह जिराफ को करीब से निहारती दिख रही हैं और तभी जिराफ उनके मुंह को चाटने लगता है। रिया के मुताबिक, यह जिराफ का फ्रेंच किस है। इसका विडियो रिया सेन ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेयर किया है। रिया इन दिनों अफ्रीका में छुट्टियां मना रही हैं और यह विडियो उसी दौरान का है। लोग इस विडियो को खूब देख रहे हैं और कॉमेंट कर रहे हैं। बात करें रिया सेन के प्रफेशनल फ्रंट की, तो वह पिछली बार साल 2०16 में हीरो 42० और डार्क चॉकलेट नाम की फिल्मों में नजर आई थी। फिलहाल उनके पास कोई फिल्म नहीं है। सिंगर फाल्गुनी पाठक के गाने याद पिया की आने लगी से उन्हें काफी चर्चा मिली थी। उन्होंने झंकार बीट्स, अपना सपना मनी मनी, शादी नं. 1 और स्टाइल जैसी बॉलिवुड फिल्मों में काम किया है। बात करें उनकी पर्सनल लाइफ की, तो रिया ने 2०17 में अपने बॉयफ्रेंड शिवम तिवारी से शादी की थी।